पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ का निधन

लखनऊ: 3 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यपाल श्री बलराम जाखड़ के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री बलराम जाखड़ जमीन से जुड़े नेता थे और किसानों के हिमायती थे। संसदीय परम्पराओं के कुशलतापूर्ण निर्वहन के साथ-साथ उनमें सबको साथ लेकर चलने की क्षमता थी। उन्होंने कहा कि स्व0 बलराम जाखड़ लोकसभा में उनके सहयोगी रहे हैं।

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा की सद्गति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रेषित की है।

अंजुम/ललित/राजभवन(44/3)